BYJU'S EXAM PREP

Daily Current Affairs 20 June 2022

Index

- राष्ट्रीय ई-विधान आवेदन (नेवा) प्रणाली
- जलवायु और ऊर्जा पर प्रमुख अर्थव्यवस्था मंच की बैठक
- प्रगति मैदान एकीकृत ट्रांजिट कॉरिडोर परियोजना
- भारत में स्कूली शिक्षा में आईसीटी का उपयोग
- 'जेल फिलिंग स्टेशन' योजना
- बिहार कृषि वि.वि. में राष्ट्रीय संगोष्ठी
- इंदिरा गांधी स्टेडियम में 44वें शतरंज ओलम्पियाड के लिए ऐतिहासिक मशाल रिले का शुभारम्भ
- विश्व शरणार्थी दिवस

Important News: India

1. राष्ट्रीय ई-विधान आवेदन (नेवा) प्रणाली

चर्चा में क्यों:

- गुजरात के विधायकों के एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा पेपरलेस कार्यवाही के लिए ई-विधान प्रणाली के बारे में जानने हेतु उत्तर प्रदेश विधानसभा का दौरा किया गया जिसे हाल ही में यूपी राज्य विधानसभा द्वारा अपनाया गया है।

प्रमुख बिंदु:

- राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन (एनईवीए) सभी भारतीय राज्यों और संसद के विधायी निकायों को एक मंच के माध्यम से डिजिटाइज़ करने की एक प्रणाली है, जिस पर सदन की कार्यवाही, तारांकित / अतारांकित प्रश्न और उत्तर, समिति की रिपोर्ट आदि को शामिल किया गया हैं।
- राष्ट्रीय ई-विधान आवेदन प्रणाली को नागरिकों और विधानसभाओं के सदस्यों दोनों के उपयोग के लिए विधायी निकायों से संबंधित सभी कार्य और डेटा ऑनलाइन उपलब्ध कराने के लिए विकसित किया गया है, जिसमें एक वेबसाइट और एक मोबाइल ऐप को भी शामिल किया गया है।
- दिसंबर 2021 में, दुबई सरकार 100 प्रतिशत पेपरलेस होने वाली दुनिया की पहली सरकार बनी थी, जिसने घोषणा की कि सभी प्रक्रियाओं को पूरी तरह से डिजिटल किया गया है।

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

2. जलवायु और ऊर्जा पर प्रमुख अर्थव्यवस्था मंच की बैठक

चर्चा में क्यों:

- केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव द्वारा अमरीकी राष्ट्रपति जोसफ बाइडेन की मेजबानी में ऊर्जा और जलवायु पर प्रमुख अर्थव्यवस्था मंच (एमईएफ) की वर्चुअल बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व किया गया।

प्रमुख बिंदु:

- अर्थव्यवस्था मंच की बैठक का उद्देश्य ऊर्जा सुरक्षा को मजबूती प्रदान करना तथा जलवायु संकट से निपटने के लिए किए गए कार्यों को गैल्वेनाइज करना है, जिसकी सहायता से सीओपी-27 को गति प्रदान की जा सके।
- इस वर्ष आयोजित जलवायु और ऊर्जा पर प्रमुख अर्थव्यवस्था मंच की बैठक में दुनिया की 23 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं सहित संयुक्त राष्ट्र महासचिव द्वारा हिस्सा लिया गया।
- भारत द्वारा इस वर्ष आयोजित जलवायु और ऊर्जा पर प्रमुख अर्थव्यवस्था मंच की बैठक में सदस्य देशो से ग्लासगो में सीओपी-26 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उल्लिखित लाइफ यानी 'लाइफस्टाइल फॉर द एनवायरनमेंट' पर एक वैश्विक आंदोलन की शुरूआत करने का आह्वान किया गया।

स्रोत: पीआईबी

3. प्रगति मैदान एकीकृत ट्रांजिट कॉरिडोर परियोजना

चर्चा में क्यों:

- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रगति मैदान एकीकृत ट्रांजिट कॉरिडोर परियोजना की मुख्य सुरंग और पांच अंडरपास का उद्घाटन किया गया।

प्रमुख बिंदु:

- एकीकृत ट्रांजिट कॉरिडोर परियोजना प्रगति मैदान पुनर्विकास परियोजना का एक अभिन्न अंग है।
- इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य प्रगति मैदान में विकसित किए जा रहे नए विश्व स्तरीय प्रदर्शनी और कन्वेंशन सेंटर तक बिना किसी बाधा के सुगमता के साथ पहुंच प्रदान करना है, जिससे प्रगति मैदान में होने वाले कार्यक्रमों में दर्शकों और आगंतुकों की आसानी से भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।
- प्रगति मैदान एकीकृत ट्रांजिट कॉरिडोर परियोजना की मुख्य विशेषता है कि सुरंग के अंदर स्मार्ट फायर प्रबंधन, आधुनिक वेंटिलेशन और स्वचालित जल निकासी, डिजिटल रूप से नियंत्रित सीसीटीवी और सार्वजनिक घोषणा प्रणाली जैसे यातायात की सुचारू आवाजाही की नवीनतम वैश्विक मानक सुविधाओं को भी शामिल किया गया है।

स्रोत: पीआईबी

4. भारत में स्कूली शिक्षा में आईसीटी का उपयोग

चर्चा में क्यों:

- केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा विभाग द्वारा विशेष रूप से कोविड-19 महामारी के दौरान पीएम ईविद्या नामक एक व्यापक पहल के अंतर्गत आईसीटी का उपयोग करने के लिए यूनेस्को की मान्यता प्राप्त की है।

प्रमुख बिंदु:

- 7 मई, 2020 को शिक्षा मंत्रालय द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान के हिस्से के रूप में पीएम ई-विद्या की शुरुआत की गई थी।
- पीएम ई-विद्या का उद्देश्य डिजिटल/ऑनलाइन/ऑन-एयर शिक्षा से संबंधित सभी प्रयासों को एकीकृत करना है ताकि बच्चों को प्रौद्योगिकी का उपयोग करके शिक्षा प्रदान करने और सीखने के नुकसान को कम करने के लिए मल्टी-मोड एक्सेस को सक्षम किया जा सके।
- केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद की एक घटक इकाई को यूनेस्को के वर्ष 2021 के लिए शिक्षा में आईसीटी के उपयोग के लिए किंग हमद बिन ईसा अल-खलीफा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

Important News: State

5. 'जेल फिलिंग स्टेशन' योजना

चर्चा में क्यों:

- हरियाणा सरकार द्वारा तेलंगाना सरकार द्वारा स्थापित ईंधन स्टेशनों की तर्ज पर हरियाणा की 11 जेलों के बाहरी परिसरों में ईंधन स्टेशन स्थापित करने की योजना बनाई है।

प्रमुख बिंदु:

- हरियाणा राज्य द्वारा इन जेल फिलिंग स्टेशनों को इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के सहयोग से स्थापित किया जायेगा तथा वर्तमान में सरकार द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर कुरुक्षेत्र जेल में एक पेट्रोल पंप की स्थापना की गयी है।

- कुरुक्षेत्र के पश्चात, इसी तरह के ईंधन स्टेशनो को अंबाला, यमुनानगर, करनाल, झज्जर, फरीदाबाद, गुड़गांव, भिवानी, जींद और हिसार की जेलों से संचालित किया जायेगा।
- अच्छे आचरण वाले दोषी कैदी जो जेलों में अपनी जेल की अवधि के अनुपात में काफी समय बिता चुके हैं, उनको इन ईंधन स्टेशनों पर काम करने की अनुमति दी प्रदान की जाएगी, तथा पेट्रोल पंपों पर काम करने के लिए बंदियों को जेल नियमावली के अनुसार वेतन प्रदान किया जायेगा।
- 'जेल फिलिंग स्टेशन' योजना का मुख्य उद्देश्य कैदियों को समाज का हिस्सा बनाना है।

स्रोत: द हिंदू

6. बिहार कृषि वि.वि. में राष्ट्रीय संगोष्ठी

चर्चा में क्यों:

- बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी का वर्चुअल शुभारंभ केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा किया गया।

प्रमुख बिंदु:

- बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी का इस वर्ष का विषय "सतत कृषि के लिए पोषक तत्व प्रबंधन रणनीतियों में हालिया विकास: भारतीय संदर्भ" है।
- दो दिवसीय सेमिनार में इस वर्ष 250 से अधिक वैज्ञानिक, शोधार्थी व शिक्षको ने भाग लिया।
- राष्ट्रीय संगोष्ठी के निष्कर्षों पर रिपोर्ट तैयार कर वि.वि. द्वारा केंद्र व राज्य सरकार को दी जाएगी व रिपोर्ट के तथ्यों के आधार पर वि.वि. द्वारा टिकाऊ खेती की दिशा में की जा रही पहल को और गति देने के लिए समुचित कदम उठाए जाएंगे।

स्रोत: पीआईबी

Important News: Sports

7. इंदिरा गांधी स्टेडियम में 44वें शतरंज ओलम्पियाड के लिए ऐतिहासिक मशाल रिले का शुभारम्भ

चर्चा में क्यों:

- प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में 44वें शतरंज ओलम्पियाड के लिए ऐतिहासिक मशाल रिले का शुभारम्भ किया गया।

प्रमुख बिंदु:



- इस वर्ष पहली बार अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ-फिडे द्वारा ओलम्पिक परंपरा के अनुरूप शतरंज ओलम्पियाड टॉर्च की शुरूआत की गयी है।
- प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा सम्मलेन के दौरान यह टॉर्च ग्रांडमास्टर विश्वनाथन आनंद को प्रदान की गयी, यह टॉर्च 40 दिनों में 75 शहरों में ले जाई जाएगी जहाँ प्रत्येक स्थान पर इस टार्च को संबंधित राज्य के शतरंज ग्रांडमास्टर के सुपुर्द किया जाएगा।
- इस टॉर्च का अंतिम गंतव्य स्थल चेन्नई के निकट महाबलीपुरम में है तथा इस वर्ष 44वां शतरंज ओलम्पियाड 28 जुलाई से 10 अगस्त तक चेन्नई में ही आयोजित किया जायेगा।

Important News: Days

8. विश्व शरणार्थी दिवस

- संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रत्येक वर्ष 20 जून को विश्व में विश्व शरणार्थी दिवस के रूप में मनाया जाता है।
- 4 दिसंबर, 2000 को UNGA (संयुक्त राष्ट्र महासभा) द्वारा 20 जून को विश्व शरणार्थी दिवस के रूप में मानाने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया गया तथा पहली बार, विश्व शरणार्थी दिवस 20 जून, 2001 को मनाया गया।
- विश्व शरणार्थी दिवस शरणार्थियों की पीड़ा के लिए सहानुभूति और करुणा को बढ़ावा देने के साथ-साथ उनके जीवन के पुनर्निर्माण में उनके साहस का सम्मान करने का एक अवसर के रूप में मनाया जाता है।
- संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1951 में आयोजित सम्मलेन के अनुसार, एक शरणार्थी वह है जो अपनी जातीयता, धर्म, राष्ट्रीयता, एक विशिष्ट सामाजिक समूह में सदस्यता, या राजनीतिक राय के कारण उत्पीड़न के गहरे डर के कारण अपने घर और देश से भाग गया है।
- इस वर्ष विश्व शरणार्थी दिवस का विषय 'सुरक्षा की तलाश का अधिकार' है।

स्रोत: लाइवमिंट